प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 30.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन देश में वरिष्ठ पुलिस पेशेवरों और सुरक्षा से सम्बद्ध प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श के लिए मंच उपलब्ध कराता है। सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, आतंकवाद से निपटने, नए आपराधिक कानून और मादक पदार्थों की तस्करी सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

..........................

केन्द्र सरकार ने कहा है कि सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम–यूआईपी के तहत लगभग 7 करोड़ 43 लाख लाभार्थियों को पंजीकृत किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं और 16 वर्ष तक के बच्चों को 12 जीवन–घातक बीमारियों की रोकथाम के टीके दिए जाते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि अब तक एक करोड़ 26 लाख टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए हैं, जिसमें लगभग 27 करोड़ 77 लाख टीके की खुराक दी गई हैं।

..........................

राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के तहत डीग जिले में 'महिला विधिक जागरूकता' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा और सलाह केंद्र की काउंसलर विनीता पचौरी ने घरेलू हिंसा तथा महिला अत्याचार से संबंधित विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने महिलाओं से कहा कि अपने साथ–साथ अपने परिवार की अन्य महिलाओं के लिए भी जागरूक बने।

..........................

केन्द्र सरकार ने कहा है कि 25 नवम्बर तक आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगभग 14 लाख आयुष्मान वय वंदन कार्ड जारी किए गए हैं। लोकसभा में लिखित उत्तर में कल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि इस योजना के तहत बिना किसी सामाजिक–आर्थिक भेदभाव के 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाता है। इस योजना के अंतर्गत साढे चार करोड परिवारों के छह करोड व्यक्ति लाभ उठा रहे हैं। श्री जाधव ने बताया कि इस योजना के तहत कुल 29 हजार 870 अस्पताल पंजीकृत हैं, जिनमें से 13 हजार 173 निजी अस्पताल हैं।

..........................

किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर आज से वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव होगा। यह ट्रेन चंडीगढ़ से चलकर जयपुर होते हुए अजमेर की ओर जाती है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी किशनगढ रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन का स्वागत करेंगे और उसे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये ट्रेन अजमेर से चंडीगढ़ की ओर चलने पर सुबह 6.30 बजे और चंडीगढ़ से अजमेर आते समय रात को 11 बजे किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर रूकेगी।

..........................

हनुमानगढ जिले में युवाओं को नशे से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने एक अनूठी पहल की है। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से युवाओं को स्वस्थ्य और व्यस्त रखने के लिए मानस खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में कल जंक्शन स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर काना राम ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों और अन्य सकारात्मक गतिविधियों से जोडना होगा, जिससे युवा मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में प्रत्येक महीने ग्राम पंचायत और शहरों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

..........................

प्रदेश में सर्दी का असर तेज होने लगा है। राज्य के विभिन्न जिलो में न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। तापमान में गिरावट के साथ ही ठंड और गलन का ऐहसास बढ गया है। वहीं कुछ जिलों में कोहरा भी छाने लगा है। अजमेर में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट के साथ ही ठण्डक का एहसास बढ गया है। उदयपुर में भी सर्दी का असर तेज हो गया है। सर्दी का असर बढने से लोगों की दिनचर्या पर भी प्रभाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटो में सबसे कम 7 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सिरोही में दर्ज किया गया। वहीं सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 31 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस बाडमेर में दर्ज किया गया।

..........................